





# अवैध वृक्ष कटाई हुई उजागर

**खास बातें**

- वन मण्डलाधिकारी द्वारा शमशाबाद परिक्षेत्र के औचक निरीक्षण में स्थिति आई सामने
- दो वनरक्षकों को किया निलंबित



फाइल फोटो

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 9 दिसम्बर, जिले में वृक्षों की अवैध कटाई पर रोक नहीं लग पा रही है, जिसके कारण यहां वहां आये दिन अवैध कटाई के मामले प्रकाश में आते रहते हैं. वन अमले के जिन कर्मचारियों को इस अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिये कमर कस कर काम करना चाहिये उनमें से कई कर्मचारी ही अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन नहीं कर रहे हैं, जिसका फायदा लकड़ी माफिया उठा रहे हैं और उनके हौंसले बुलंद हैं तथा वे अवैध वृक्ष कटाई में लगे हुये हैं. ऐसा ही एक मामला मंगलवार को प्रकाश में आया जब वन मण्डलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया तो अवैध वृक्ष कटाई होते मिली जिस पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुये संबंधित क्षेत्र के 2 वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है.** वन मण्डलाधिकारी हेमन्त यादव द्वारा वन परिक्षेत्र शमशाबाद का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान बीट करमेढ़ी एवं बीट गोकलपुर में अवैध वृक्ष कटाई की घटनाएँ पाई गईं, जिन पर तत्काल संज्ञान लिया गया.औचक निरीक्षण के समय बीट करमेढ़ी के बीटगार्ड मनोज शर्मा, वनरक्षक तथा बीट गोकलपुर के बीटगार्ड राहुल दांगी, वनरक्षक अपने-अपने मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए.दायित्वों की इस स्पष्ट अवहेलना पर वन मण्डलाधिकारी ने दोनों वनरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.वन मण्डल विदिशा ने वन संरक्षण, परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा विभागीय अनुशासन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्पष्ट किया है कि आगामी समय में संबंधित परिक्षेत्रों में निगरानी को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा अवैध गतिविधियों एवं लापरवाही पर शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी.

## एससी एसटी कांग्रेस द्वारा रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**आरक्षित वर्ग के लोगों को जारी किए गए भूमि के पट्टों पर कब्जा का आरोप**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 9 दिसम्बर, अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह अहिरवार के साथ में बड़ी संख्या में आरक्षित वर्ग के महिला पुरुष रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे.**

मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन देते हुए जिले के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को कांग्रेस शासन में वितरित हुए भूमि के पट्टो को अब तक कब्जा मुक्त न कर पाने पर आपत्ती दर्ज कराई. कांग्रेस की ओर से कहा गया कि जिस आरक्षित वर्ग की आवश्यकताओं उनके घर पर छत और सुविधा के लिए जो कानून बनाए गए थे उनका भाजपा सरकार लगातार उल्लंघन कर रही है. अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग पर अत्याचार हो रहे हैं जिसकी रोकथाम भी भाजपा सरकार नहीं कर पा रही थी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाए की मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा बागड़ी के भाई और बहनोई अवैध नशे के कारोबार में पकड़े गए हैं जो सीधे तौर पर सरकार पर सवाल खड़े करती है उन्हें तुरंत बर्खास्त करने की मांग की गई है .ज्ञापन सौंपने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे. कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब किसी मंत्री के परिजन बार-बार गंभीर मामलों में पकड़े जा रहे हों, तो निष्पक्ष जांच के लिए संबंधित मंत्री का पद पर बने रहना उचित नहीं है.

## अभाविप ने की समरसता पर संगोष्ठी

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् कुरवाई के तत्वावधान में आज समरसता का पथ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन में किया गया.जिसका उद्देश्य भारतीय समाज में समरसता, सामाजिक समानता और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने हेतु युवा पीढ़ी को दिशा प्रदान करना था.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड प्रचारक मनु प्रजापति तथा एबीवीपी प्रांत कार्यकारणी सदस्य अभिषेक तिवारी जी के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. खण्ड प्रचारक मनु प्रजापति जी ने कहा कि समरसता केवल एक शब्द नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है.जाति, वर्ग, भाषा एवं क्षेत्र से ऊपर उठकर हम सब एक सूत्र में बंधे हैं.नगर मंत्री वेदांत जैन ने अपने विचार रखे जिसमें 600 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने समरसता से जुड़े अपने अनुभव एवं प्रश्न साझा किए. मंच संचालन कुलदीप राजपूत ने किया.



## अधिकारियों के साथ पहुंच कर विधायक ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** मंगलवार को अरिहंत बिहार गेट के पास आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 28/56 एवं शेरपुरा स्थित बूथ पर विदिशा एसडीएम एवं नगरपालिका सीएमओ के साथ पहुंचकर विधायक मुकेश टंडन ने एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों से बात कर एसआईआर मतदाता सूची को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए. निरंतर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान अगले क्रम में दुर्गानगर मंडल के वार्ड नंबर 26 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रॉयल सिटी, जेल रोड़, हीरापुरा, सिंहवाहिनी माता मंदिर के आसपास घर घर जा कर दस्तक दी और एसआईआर फार्म भरने की जानकारी ली और जिनके फॉर्म अभी तक जमा नहीं हुए उनसे आज ही फार्म जमा करने की अपील की.

## सरकार ने मांगें नहीं मानी तो 1 जनवरी को दुकान कर देंगे बंद

**महिला स्व सहायता समूह महिला भंडार व उचित मूल्य के दुकान संचालकों की मांगें**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, मंगलवार को स्व सहायता समूह, महिला भंडार, मार्केटिंग सोसाइटी एवम वनोपज संघ के जिसमें ग्रामीण विदिशा शमशाबाद नटेरन कुरवाई ग्यारसपुर से आए शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया. जिसमें उनकी कई मांगे थी जैसे सहकारिता विभाग की योजना में भेदभाव का आरोप लगाया संघ के अजय सिंह ने बताया की आयुक्त सहकारिता एवम पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल ने इसमें प्रदेश की पैक्स एवम लेम्पस समितियों को तीन लाख रुपए वार्षिक प्रबंधकीय अनुदान और उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए प्रति दुकान प्रति विक्रेता को तीन हजार रुपए मानदेय 1 अक्टूबर 2023 से देने के निर्देश दिए गए हैं.**

यह राशि समितियों को दी जा रही है संघ का कहना है की जिले और प्रदेश भर में 50 प्रतिशत से अधिक उचित मूल्य की दुकानों का संचालन स्व सहायता समूह,विपणन सहकारी संस्थाएं, वनोपज समिति एवम महिला भंडार चला रहे हैं. इसके बावजूद इन्हे योजना से बाहर रखा गया है जो की स्पष्ट भेदभाव है. महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मोना शर्मा ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से जो कमीशन हर महीने 10500 आता था अब वह कमीशन 8500 आ रहा है जो की हमारे साथ अच्छा नहीं हो रहा है. विक्रेताओं की सीएम हेल्पलाइन पर झूठी शिकायत हितग्राही द्वारा की जाती है शिकायत बन्द कराने हेतु विभाग से दबाब बनाया जाता है झूठी शिकायत होने पर हितग्राही के खिलाफ कार्यवाही की जाए.हमारी मांगे पूरी नही होती है तो हम सभी माह जनवरी में दकानें बंद कर वितरण नही करेंगे समस्त समूह के अध्यक्ष प्रबंधक सेल्समेन उपस्थित रहे.

## मजदूर-कंपनी का सीधा रिश्ता हो ठेका प्रथा बंद हो राजेंद्र नामदेव

**भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष की सरकार से मांग**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र नामदेव ने कहा है कि प्रदेश में मजदूरों और उद्योगों के बीच प्रत्यक्ष एवं भरोसेमंद संबंध ही विकास की वास्तविक नींव हैं. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ठेका प्रथा ने न केवल मजदूरों के अधिकारों और सुरक्षा को कमजोर किया है, बल्कि स्थायी रोजगार की संभावनाओं को भी समाप्त किया है.**

ऐसे में समय आ गया है कि सरकार ठेका प्रणाली को तत्काल खत्म कर श्रमिकों को उनका हक लौटाए. नामदेव ने आरोप लगाया कि ठेका व्यवस्था से मजदूरों को असुरक्षा, कम वेतन और शोषण के अलावा कुछ नहीं मिला, जबकि उद्योगों ने इसी ढांचे के सहारे अपनी जिम्मेदारियों से दूरी बनाई. उन्होंने कहा कि मजदूर और कंपनी के बीच सीधा संवाद एवं प्रत्यक्ष नियुक्ति व्यवस्था लागू हो, ताकि उत्पादन का लाभ श्रमिक और उद्योग दोनों को समान रूप से मिल सके. उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि आउटसोर्स तथा ठेका पर कार्यरत सभी कर्मियों को विभागीय रोल में समायोजित कर नियमित नियुक्ति दी जाए, साथ ही समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। नामदेव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लेती है तो मजदूर हित में आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी.

## शराब ठेकेदार के कर्मचारियों की फिर दिखी दादागिरी

**यहां पर ओवर रेट बिकती है शराब, विरोध करने पर होती है मारपीट**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, पीतलमील चौराहे पर स्थित शराब की दुकान पर ठेकेदार के कर्मचारियों की जमकर दादागिरी चल रही है. मंगलवार की शाम करीब आधा दर्जन कर्मचारियों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम करीब 8.30 बजे के कुछ युवक जिनके हाथों में डंडे थे जो एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे. करीब 10 मिनिट से ज्यादा पिटाई के बाद पिट रहे युवक को शराब की दुकान के भीतर घसीटने की कोशिश भी कर रहे है लेकिन जो युवक पिट रहा था वह दुकान के भीतर नहीं गया. इस शराब की दुकान पर आए दिन मारपीट के मामले सामने आते रहते हैं. पहले भी यहां पर कुछ लोगों के साथ मारपीट की घटना भी हो चुकी जिसकी थाने में भी शिकयत हो चुकी है. यहां के आसपास के लोगों ने बताया कि पीतलमील की शराब की दुकान पर शराब ओवर रेट बेंची जाती है जब कुछ ग्राहक इसका विरोध करते है और ओवर रेट देने से मना करते हैं तो उसके साथ अभद्रता की जाती है कई बार मारपीट तक कर दी जाती है. वहीं दूसरी तरफ इस दुकान से इस इलाके में दिन भर ट्रेफिक जाम होता है खासतौर पर शाम से देर रात तक दुकान पर आने वाले ग्राहकों के वाहनों ने रास्ता तक बंद हो जाता है. मंगलवार की शाम जिस युवक की बेरहमी से पिटाई की जा रही थी जिसकी शिकायत एसपी से की गई थी.

## साकेत में श्रीकांत वर्मा के नाट्य संग्रह से प्रेरित नाटक दुपहर का मंचन किया

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विहान ड्रामा वर्क्स भोपाल ने कवि श्रीकांत वर्मा के नाट्य संग्रह से दुपहर का मंचन किया.यह नाटक मूलतः बचपन और किशोरावस्था की मनःस्थितियों का रोचक अनुभव कराता है. जिसमें मुख्य पात्र दो लड़के हैं जो स्कूल से छुट्टी मारकर भाग निकले हैं. यह नाटक यह भी कहता है कि सीखने को स्कूल या कॉलेज की चारदीवारी तक सीमित नहीं किया जा सकता, खास तौर पर साहस और प्रयोगशीलता जैसे गुणों की शिक्षा को इसमें दिखाया गया जो गांव की साधारण जिंदगी में साहसिक अनुभव जीते हैं.दोनों अभिनेताओं ने अपने सहज और रंग भरे अभिनय से बच्चो को प्रभावित किया. यह नाट्य प्रस्तुति न केवल मनोरंजक रही, बल्कि शिक्षाप्रद भी थी. संस्था के संचालक महोदय ने कहा की यह नाटक बच्चों में सृजनात्मकता और आत्म विश्वास को बढ़ाते हैं.संस्था संचालक ने विहान ड्रामा ग्रुप की इस अनूठी प्रस्तुति की सराहना की व समस्त स्टाफ ने इस नाट्य मंचन की भूरी भूरी प्रशंसा की. श्रीकांत वर्मा के इस नाट्य मंचन का मूल संदेश बच्चों ने सहज भाव से समझा.

## मंगलवार को नपा में विधायक ने सुनीं जन समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, विधायक मुकेश टंडन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को विदिशा नगरपालिका में सुबह 11बजे से 1बजे तक जन समस्याओं सुनने शिविर लगाते हैं.**



इसी क्रम में शिविर आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से विदिशा एसडीएम और सीएमओ दुर्गेश ठाकुर की मौजूदगी में जन समस्याएं के लिखित आवेदन प्राप्त हुए एवं कुछ अन्य हितग्राहियों द्वारा मौखिक समस्याओं सहित कुल 28 लोगों की समस्याएं सुनी एवं विधायक ने उनको हल करने के निर्देश मौके पर दिए एवं कुछ आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया, शेष समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया.जन जनसुनवाई में विदिशा के सभी विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे.

**अव्यवस्था** स्टाफ की भारी कमी, इमरजेंसी में नहीं मिल पा रहा इलाज

# आनंदपुर में स्वास्थ्य सेवायें चरमराईं, मरीज बेहाल

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर,** आनंदपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है.आनंदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अमले की भारी कमी के चलते मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है.केंद्र में इस समय केवल एक डॉक्टर और एक नर्स कार्यरत हैं, जबकि निर्धारित मानकों के अनुसार यहाँ कम से कम दो डॉक्टर और दस चिकित्सा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य है.




### निजी क्लीनिक सील, बोझ बढ़ा सरकारी अस्पताल पर

हाल ही में अनुभागीय अधिकारी नितिन जैन के निरीक्षण के दौरान तीन अवैध निजी क्लीनिकों को सील किया गया था. इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण सरकारी अस्पताल का रुख कर रहे हैं. लेकिन पर्याप्त स्टाफ और संसाधन न होने के कारण अस्पताल सभी मरीजों को सुविधाएँ उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रहा है.ग्रामीणों का कहना है कि घंटों इंतजार के बावजूद कई बार उन्हें बिना उपचार वापस लौटना पड़ता है.बीमार, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है.

### इमरजेंसी सुविधा ठप

जोखिम बढ़ा गंभीर परिस्थितियों में भी अस्पताल में मरहम-पट्टी,सलाइन,इंजेक्शन, फ्रैक्चर उपचार जैसी बुनियादी चिकित्सा सामग्री व सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं.ऐसे में दुर्घटना या अचानक बीमारी के शिकार मरीजों को प्राथमिक उपचार तक नहीं मिल पा रहा है, जिससे स्थिति कई बार गंभीर हो जाती है.स्थानीय जन चेतना मंच की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिगड़ी व्यवस्थाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल स्थायी डॉक्टरों की नियुक्ति कर उचित स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करनी चाहिए.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो जन आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा.

### पूर्व में विधायक भी कर चुके निरीक्षण, फिर भी नहीं सुधरी व्यवस्था

आनंदपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थानीय विधायक भी निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति देखकर यह साफ है कि तब से अब तक हालात जस के तस बने हुए हैं.वर्षों से चल रही स्टाफ की कमी और अव्यवस्थाओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. साथ ही इससे पहले भी आरटीआई एक्टिविस्ट एवं पत्रकार शुभम सोनी द्वारा आनंदपुर में डॉक्टरों की नियुक्ति और जन स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर प्रशासन को कई बार अस्पताल से जुड़ी समस्याओं से लिखित में अवगत कराया गया, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से क्षेत्रीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों एवं विकल्प मांगों की बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है.

### ग्रामीणों ने उठाये कई सवाल

ग्रामीणों ने भी शासन-प्रशासन से मांग की है कि डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की तैनाती की जाए.आवश्यक दवाइयां और उपकरण उपलब्ध कराए जाएं.इमरजेंसी सेवा को तत्काल बहाल किया जाए. इस गंभीर जन समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा को उनके नंबर 8959711525 पर संपर्क किया. लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका है.लोगों की मांग है कि इस जन समस्या को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा उचित कार्रवाई जाये. जिससे स्थानीय एवं क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संपूर्ण लाभ मिल सके.

## महाविद्यालय ने चलाया कॉलेज चलो अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया गया. जिसके तहत मॉडल विद्यालय सिरोंज में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी गई. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने बताया कि कॉलेज चलो अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आगे पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है. कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी डॉ. शिव कुमार यादव, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेश चंद्र परमार, छात्रवृत्ति एवं स्पोर्ट प्रभारी डॉ. समृथ निनामा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश लेने की जानकारी, प्रवेश फॉर्म भरने, विषय का चयन, स्कॉलरशिप, शासन की लाभकारी योजनाओं, ई ग्रंथालय की सुविधा तथा महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय का भ्रमण करने के लिए आमंत्रित भी किया गया. जिससे वह महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, संसाधनों और उपलब्ध अवसरों को देख और समझ सकें.

## विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां चरम पर,गूंजेगा सनातन एकता का उद्घोष

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,भगवान नीलकंठेश्वर की पावन नगरी उदयपुर एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है. आगमी 14 दिसंबर रविवार को आयोजित होने जा रहे वृहद् हिंदू सम्मेलन की तैयारियाँ पूरे वैभव और श्रद्धा के साथ गति पकड़ चुकी हैं. मंडल स्तर पर बैठकों के साथ गांव-गांव, गली-गली, मंडल-मंडल तक कार्यकर्ताओं की टोली सनातन संस्कृति, एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश लेकर जन-जन तक पहुँच रही है.सम्मेलन में हिंदू समाज की व्यापक उपस्थित और घर-घर तक सनातन की एकता का संदेश पहुंचाने के लिए गमाखर खंड के 15 विभिन्न मंडलों में कलश यात्राएँ, भव्य बाइक रैलियाँ और भूमिपूजन के कार्यक्रम जोश और श्रद्धा से प्रारंभ हो चुके हैं.उदयपुर में आयोजित हो रहे वृहद हिंदू सम्मेलन को रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज संबोधित करने के लिए पहुंच रहे हैं. हिंदू सम्मेलन के लिए 14 दिसंबर रविवार को शोभायात्रा उदयपुर मंडल के ग्राम उदयपुर भुंआरा, नरोदा, भिरगावली, देवीपुर, औरंगपुर बेरखेड़ी, बरोदिया, ढिमरोली आदि ग्रामों से शोभायात्रा दोपहर 11 बजे प्रारंभ होकर 12 तक उदयपुर पहुंचेगी.**

लंबे समय बाद क्षेत्र में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं का समर्पण और उत्साह इस सम्मेलन को आध्यात्मिक जागरण के महायज्ञ में परिवर्तित कर रहा है. नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होने वाला यह आयोजन एकता, प्रेम और समरसता की जीवंत मिसाल बनकर समाज को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा. शिव की नगरी में यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि एक संकल्प यात्रा बन चुका है, जिसमें समाज के सभी वर्ग, सभी मत, सभी परंपराएँ धर्म, देश और मानवता के नाम पर एक ही सूत्र में बंधे हुए दिखाई देंगे. संपर्क के दौरान कार्यकर्ता भाइयों, मातृशक्ति और युवा शक्ति से परिवार सहित इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म, संस्कृति और संगठन की इस पुण्य यात्रा के साक्षी बनने का आग्रह कर रहें हैं.